अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# DAILY CURRENT *Analysis*

## TOP 10 NEWS With MCQs

## 23 MAR. 2023

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

### प्रमुख बिन्दु

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **बिहार दिवस 2023:22 मार्च**




- हर साल 22 मार्च को बिहार की स्थापना के उपलक्ष्य में बिहार दिवस मनाया जाता है।
- इस साल बिहार की स्थापना की 111वीं वर्षगांठ है।
- 22 मार्च, 1912 को बिहार राज्य को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग कर दिया गया था।
- स्थापना दिवस कार्यक्रम 2023 का विषय युवा शक्ति बिहार की प्रगति है।
- इस मौके पर प्रदेश के 70 हजार से अधिक सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है।
- राज्य सरकार के विभिन्न विभाग इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

2. **विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस 2023: 21 मार्च**




- डाउन सिंड्रोम रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया जाता है।
- विश्व सिंड्रोम दिवस 2023 की थीम "हमारे साथ नहीं हमारे लिए" ("विद अस नॉट फॉर अस) है।
- पहला विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस 2006 में मनाया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2011 में 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के रूप में घोषित किया था लेकिन यह 2012 में लागू हुआ
- विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (NGMA) द्वारा एक पेंटिंग और पॉटरी कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- यह दिन जनता को शिक्षित करने में मदद करता है कि डाउन सिंड्रोम क्या है और डाउन सिंड्रोम वाले लोगों को दैनिक गतिविधियों में भाग के लिए कैसे प्रोत्साहित किया जाए ताकि वे एक पूर्ण जीवन जी सकें और अपने समुदाय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।
- 21 मार्च को डाउन सिंड्रोम का कारण बनने वाले 21 वें गुणसूत्र के त्रिगुणन की विशिष्टता को दर्शाने के लिए चुना गया था।
- यह एक विकार है जो हर साल जन्म के समय लगभग 6,000 बच्चों को प्रभावित करता है।

**डाउन सिंड्रोम**

- इसे ट्राइसॉमी 21 के नाम से भी जाना जाता है।
- यह एक आनुवंशिक विकार है जो गुणसूत्र 21 की तीसरी प्रति के सभी या उसके भाग की उपस्थिति के कारण होता है।
- इस सिंड्रोम के कारण आमतौर पर शारीरिक विकास में देरी, हल्के से मध्यम बौद्धिक विकलांगता और विशिष्ट चेहरे की विशेषताओं होती है।
- डाउन सिंड्रोम वाले एक युवा वयस्क का औसत आईक्यू 50 होता है, जो आठ या नौ साल के बच्चे की मानसिक क्षमता के बराबर है, लेकिन यह व्यापक रूप से भिन्न हो सकता है।

3. **आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 'सिटी फाइनेंस रैंकिंग 2022' लॉन्च की।**



- 'सिटी फाइनेंस रैंकिंग 2022 के तहत शहरी स्थानीय निकायों का मूल्यांकन उनकी वित्तीय स्थिति के आधार पर किया जाएगा।
- भाग लेने वाले शहरी स्थानीय निकायों का मूल्यांकन तीन प्रमुख मापदंडों संसाधन जुटाना, व्यय प्रदर्शन और वित्तीय शासन में 15 संकेतकों पर किया जाएगा।
- रैंकिंग का मुख्य उद्देश्य नगरपालिका निकायों को उनके वित्तीय प्रदर्शन और वर्तमान वित्तीय स्थिति के आधार पर मूल्यांकन करना, पहचानना और पुरस्कृत करना है।
- शहरों को उनके स्कोर के आधार पर चार जनसंख्या श्रेणियों में रखा जाएगा। श्रेणियां नीचे दी गई हैं:
    - 40 लाख से ऊपर
    - 10 लाख से 40 लाख
    - 1 लाख से 10 लाख
    - 1 लाख से नीचे

4. **मनमीत के नंदा को पूर्णकालिक नियमित नियुक्ति तक इन्वेस्ट इंडिया का एमडी और सीईओ बनाया गया है।**



- मनमीत के नंदा को इन्वेस्ट इंडिया के एमडी और सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।
- मनमीत के नंदा पश्चिम बंगाल कैडर (2000 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- श्री दीपक बागला के इस्तीफे के बाद मनमीत के नंदा ने कार्यभार संभाला।
- इन्वेस्ट इंडिया को ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है, जो किसी भी सरकारी वित्त पोषित संगठन के लिए एक दुर्लभ उपलब्धि है।
- बोर्ड ऑफ इन्वेस्ट इंडिया के अध्यक्ष श्री अनुराग जैन, सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग हैं।

**5. डीपीआईआईटी एक लॉजिस्टिक्स कॉस्ट फ्रेमवर्क बनाने के लिए एक टास्कफोर्स का गठन करेगा।**




- सरकार एक फ्रेमवर्क तैयार करने के लिए एक टास्क फोर्स बनाएगी, जो भारत में लॉजिस्टिक्स लागत का निर्धारण करेगी।
- उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा लॉजिस्टिक्स लागत फ्रेमवर्क पर आयोजित वर्कशॉप में यह फैसला लिया गया है।
- नीति आयोग, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI), नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER), आदि के प्रतिनिधि इस टास्क फोर्स के सदस्य होंगे।
- लॉजिस्टिक्स लागत पर आयोजित वर्कशॉप एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से आयोजित की गई थी।
- हाल ही में, सरकार ने लॉजिस्टिक्स लागत में कटौती के लिए एक राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जारी की है।

**6. दूसरा एंटी-सबमरीन युद्धपोत 'आईएनएस एंड्रोथ कोलकाता में लॉन्च किया गया।**



- भारतीय नौसेना का दूसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर (ASW) युद्धपोत आईएनएस एंड्रोथ' कोलकाता में गार्डन रीच शिप बिल्डर्स में लॉन्च किया गया।
- वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी नौसेना कमान इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे।
- समारोह में पूर्व भारतीय क्रिकेटर अरुण लाल विशिष्ट अतिथि थे।
- अप्रैल 2019 में रक्षा मंत्रालय और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) के बीच आठ एएसडब्ल्यू युद्धपोतों के निर्माण के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- इन्हें पनडुब्बी रोधी, कम तीव्रता वाले समुद्री और खदान बिछाने के संचालन के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- इसे भारतीय नौसेना के लिए मैसर्स जीआरएसई द्वारा बनाया गया है।

**7. अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में 6.6 तीव्रता का भूकंप आया।**



- नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र उत्तरपूर्वी अफगानिस्तान में जुर्म के पास 156 किलोमीटर की गहराई में था ।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित उत्तरी भारत में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।
- उत्तरी भारत फॉल्ट लाइन के पास स्थित है और मध्य एशिया में उत्पन्न होने वाले भूकंपों से झटके का खतरा बना रहता है।
- भारत में किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर 8 से अधिक तीव्रता का भूकंप हिंदू कुश पर्वत से लेकर अरुणाचल प्रदेश के 2500 किलोमीटर के दायरे में आ सकता है।

**8. भारत और जॉर्डन ने रक्षा सहयोग पर दूसरी परामर्शदात्री बैठक के दौरान सैन्य और रक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।**



- बैठक 21 मार्च 2023 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।
- बैठक के दौरान, भारत और जॉर्डन ने सैन्य प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम, साइबर सुरक्षा, सैन्य अभ्यास, सैन्य चिकित्सा और विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता निर्माण पर चर्चा की।
- भारत और जॉर्डन ने रक्षा उद्योग और अनुसंधान में अपनी संबंधित क्षमताओं का भी आदान-प्रदान किया।
- जॉर्डन के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की।
- **जॉर्डन:**
- यह पश्चिम एशिया का एक देश है। इसकी राजधानी अम्मान है। इसकी मुद्रा जॉर्डन दिनार है।

- यह सऊदी अरब, इराक, सीरिया, इज़राइल और डेड सी (मृत्त सागर) के साथ अपनी सीमा साझा करता है।
- दक्षिण-पश्चिम में लाल सागर में अकाबा की खाड़ी पर इसकी 26 किमी की तटरेखा है।

**9. उत्तराखंड में एशिया के सबसे बड़े 4-मीटर अंतर्राष्ट्रीय लिक्विड मिरर टेलीस्कोप का उद्घाटन किया गया।**



- 21 मार्च को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने देवस्थल में एशिया के सबसे बड़े 4-मीटर अंतर्राष्ट्रीय लिक्विड मिरर टेलीस्कोप का उद्घाटन किया है।
- आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज- एआरईईएस) ने घोषणा की कि विश्व स्तरीय 4- मीटर इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलीस्कोप (आईएमएलटी) अब सुदूर एवं गहन आकाशीय अंतरिक्ष का पता लगाने के लिए तैयार है।
- इसने मई 2022 के दूसरे सप्ताह में अपना पहला प्रकाश प्राप्त किया।
- यह टेलीस्कोप एआरईएस के उत्तराखंड (भारत) जिले के नैनीताल जिले के देवस्थल में वेधशाला परिसर में 2450 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।
- एआरईएस भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत एक स्वायत्त संस्थान है।
- **एक लिक्विड मिरर टेलीस्कोप में मुख्यतः तीन घटक होते हैं:**
    - एक परावर्तक तरल धातु (अनिवार्य रूप से पारा ) युक्त एक कटोरा सदृश पात्र।
    - एक एयर बियरिंग (अथवा मोटर) जिस पर तरल दर्पण स्थापित किया जाता है।
    - एक चलन प्रणाली (ड्राइव सिस्टम)

**10. प्रधान मंत्री मोदी ने भारत में नए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) क्षेत्र कार्यालय और नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया।**



- उन्होंने भारत 6जी विजन डॉक्यूमेंट का भी अनावरण किया और 6जी आर&डी टेस्ट बेड लॉन्च किया।
- उन्होंने 'कॉल बिफोर यू डिग' एप भी लॉन्च किया। आईटीयू क्षेत्र कार्यालय पूरी तरह से भारत द्वारा वित्तपोषित है।
- यह महरौली, नई दिल्ली में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) भवन की दूसरी मंजिल पर स्थित है।
- यह भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, अफगानिस्तान और ईरान को सेवा देगा।
- मार्च 2022 में, भारत ने क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए आईटीयू के साथ एक मेजबान देश (होस्ट कंट्री) समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **बिहार दिवस कब मनाया जाता है?**
   (a) 20 मार्च
   (b) 21 मार्च
   (c) 22 मार्च
   (d) 23 मार्च
2. **विश्व सिंड्रोम दिवस 2023 की थीम क्या है?**
   (a) "समावेशन का मतलब "
   (b) "हमारे साथ नहीं हमारे लिए"
   (c) "कनेक्ट"
   (d) "हमने निर्णय किया"
3. **इनमें से कौन सा सिटी फाइनेंस रैंकिंग 2022' का पैरामीटर नहीं है?**
   (a) संसाधन जुटाना
   (b) व्यय प्रदर्शन
   (c) राजकोषीय शासन
   (d) वित्तीय समावेशन
4. **हाल ही में किसको इन्वेस्ट इंडिया के एमडी और सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है**
   (a) सुनीता नंदा
   (b) मनमीत के नंदा
   (c) सुलेखा कुमारी
   **(d)** इनमे से कोई नही
5. **निम्नलिखित में से कौन सा विभाग लॉजिस्टिक्स कॉस्ट फ्रेमवर्क बनाने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन करेगा?**
   (a) उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग
   (b) वाणिज्य कर विभाग
   (c) आर्थिक मामलों का विभाग
   (d) कृषि विभाग
6. **निम्नलिखित में से कौन सा एंटी-सबमरीन वारफेयर ( ASW) युद्धपोत मार्च 2023 में कोलकाता के गार्डन रीच शिप बिल्डर्स में लॉन्च किया गया है?**
   (a) आईएनएस एंड्रोथ
   (b) आईएनएस अरिहंत
   (c) आईएनएस तलवार
   (d) आईएनएस रामशेर
7. **हाल ही में किस क्षेत्र में 6.6 तीव्रता का भूकंप आया है?**
   (a) अफगानिस्तान
   (b) पाकिस्तान
   (c) नेपाल
   (d) जापान
8. **भारत और जॉर्डन ने रक्षा सहयोग पर दूसरी परामर्शदात्री बैठक कहाँ पर आयोजित की गई थी?**
   (a) सूरत
   (b) मुंबई
   (c) नई दिल्ली
   (d) गांधीनगर
9. **किस राज्य में एशिया के सबसे बड़े 4-मीटर अंतर्राष्ट्रीय लिक्विड मिरर टेलीस्कोप का उद्घाटन किया गया?**
   (a) उतराखंड
   (b) उत्तर प्रदेश
   (c) केरल
   (d) झारखण्ड
10. **पीएम मोदी ने हाल ही में भारत में नए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ क्षेत्र कार्यालय का उद्घाटन किया। यह _____ में स्थित है।**
   (a) नई दिल्ली
   (b) चेन्नई
   (c) हैदराबाद
   (d) अहमदाबाद

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (c) | (b) | (a) | (a) | (a) | (c) | (a) | (a) |